## कांग्रेस ने मनाया महिला दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजीव कांग्रेस भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में उपस्थित मातृशक्ति व कांग्रेस के वक्ताओं ने महिला दिवस पर अपने विचार रखें साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए उन पर पुष्पवर्षा कर सभी का अभिवादन किया।



राजीव कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित, कार्यकर्ताओं ने की पुष्प वर्षा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण दिन है।

महिलाओं के अधिकार की रक्षा, समानता व सशक्तिकरण के लिए आम लोगों को जागरूक करने का समय है। उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि दुनियाभर में इस दिन को महिला सशक्तिकरण व उनके संघर्षों की सराहना के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने उपस्थित समस्त मातृशक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

आयोजित कार्यक्रम को महिला कांग्रेस की प्रभारी मंजू बैस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा यादव, सरला श्रीवास्तव, कमलेश सिंग, रानू डेहरिया, अरूणा तिलंते ने सम्बोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में संगीता ठाकुर, उर्मिला सिंग, संतोषी गजभिये, ममता चौखे, शबाना, साधना जंघेला, माया सूर्यवंशी, साक्षी चौबे, आम्रपाली रोशनी श्रीवास्त, पूर्विता डेहरिया, विनीता सोनी, रीता मालवी, जुबेदा बी, समीता ठाकुर, अजंना दुबे, श्वेता खण्डेलवाल, लता, कुन्ती सूर्यवंशी, प्रियंका महोरे व नूरजंहा सहित बड़ी संख्या में शहर महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहीं।

## मोहीघाट पर ट्राला पलटने से चालक की मौत, क्लीनर गंभीर

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** शनिवार सुबह 4:30 बजे पांढुर्णा तहसील के मोहि घाट पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टाइल्स और बर्तनों से भरा एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पांढुर्णा थाने के सहायक उपनिरीक्षक, एएसआई ओमप्रकाश मालवीय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ट्राले के केबिन में फंसे ड्राइवर और क्लीनर को निकालने के लिए क्रेन और जेसीबी मशीन मंगवाई गई। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल क्लीनर सुरजाराम को प्राथमिक उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से पांढुर्णा सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नागपुर रेफर कर दिया गया है।

## बेटी बचाआ-बेटी पढ़ाओ पर चांद कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद में रेड रिबन, रासेयो और व्यक्तित्व विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और सुरक्षित मातृत्व विषय पर आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि बेटियां भावी भारत की संभावनाओं की मंगलकामनाएं है, उनका धरा पर होना प्रकृति के आशीर्वादों का अमृत-कलश है। बेटियां पारिवारिक व्यवस्था में आश्वस्ति की वह आलोक हैं, जिसमें धरा की पीड़ा पीने का सब्र है। बेटियां चवैरेति दर्शन की शीतल मंद सुगंध समीर की बासंती बहार हैं, जो सृष्टि में मनभावन हवा के झोंके की अनमोल धरोहर हैं। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि बेटियां वर्तमान की आवश्यकता का वह यथार्थ हैं, जो हर विषम परिस्थिति में अनवरत साथी हैं। प्रो. जी.एल. विश्वकर्मा ने कहा कि बेटियां घर उपवन का वह सुवासित पुष्प हैं, जो हर पिता की खुशकिस्मती की सौगात हैं, मां की असली रहमत हैं और सृष्टि की उम्मीद के आनंद का गीत हैं।



प्रो. राजकुमार पहाड़े ने कहा कि बेटियां मनमुदित-माधुर्य की मीत हैं, खग-कलरव का संगीत हैं, पुण्य तीर्थराज प्रयाग हैं, हर परिवार में साक्षात शिव की पार्वती का अवतार हैं, जो त्याग के लिए ही अवतरित होती हैं। प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि बेटियां वैचारिक उदारता की ब्रह्मवचन हैं, जिनको प्रबंधन क्षमता की लाड़ली लक्ष्मी होने का गौरव प्राप्त है। प्रो. संतोष उसरेठे ने कहा कि बेटियां वह अनुरागिनी सुगंध हैं, जिनके होने मात्र से अंतर्द्वंदों का समाधान हो जाता है। प्रो. सुरेखा तेलकर ने कहा कि बेटियां निर्वचनीय आभास हैं, व्यथाओं की रामबाण औषधि से कष्टों की संहारक हैं। प्रो. रक्षा उपश्याम ने कहा कि बेटियां जीने की वह वज़ह हैं, जिनकी उपस्थित मात्र से मानवता की अमीरी का अहसास होता है। इस अवसर पर आयोजित रांगोली प्रतियोगिता में अभिषेक पाटिल प्रथम, कीर्ति पाल द्वितीय, नाजमीन मंसूरी और महिमा वर्मा को तृतीय विजेता होने के लिए प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

### सार-समाचार

## छात्राओं को मिला कोदो कुटकी से व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजामाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के ईको क्लब द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कौशल के निर्देशन एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. नीलिमा बागड़े के मार्गदर्शन में पर्यावरण जीवन शैली प्रदर्शन के अन्तर्गत छिंदवाड़ा जिला में पाये जाने वाले श्री अन्न (मोटे अनाज) के महत्व को छात्राओं के बीच प्रस्तुत करने हेतु और उनसे शरीर को होने लाभ को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कोदो, कुटकी, सांवा, ज्वार, बाजरा, रागी आदि अनाजों से विभिन्न व्यंजन छात्राओं द्वारा बनाये गए। कोदो से पुलाव, कुटकी से इडली, सांवा से मीठा चीला, ज्वार से हलवा एवं ज्वार की रोटी तथा सांवा से खीर का निर्माण किया गया। इस व्यंजनों को बनाकर इनकी प्रदर्शनी लगायी गई और इनके महत्व के बारे में सभी को बतलाया गया।

## 50 हजार के जेवर और नकदी वाला पर्स गिरा था बस में, पुलिस की तत्परता से मिला वापस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हैं, महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का दिन छिंदवाड़ा पुलिस ने महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक हैरान-परेशान महिला के चेहरे पर मुस्कान ला दी और अपनी सक्रियता से जनता का भरोसा और मजबूत किया।

घटना शुक्रवार 7 मार्च 25 की है सिवनी निवासी महिला मोनिका बस से अपने मायके गणेशगंज से सिवनी के लिए निकली, सिवनी में जब घर पहुँच कर सामान चैक किया तो करीब 50 हजार मूल्य के गहने व नगदी वाला पर्स गायब मिला। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल महिला के पति सतेंद्र सिवनी बस स्टैंड पहुँचा लेकिन तब तक बस छिंदवाड़ा के लिए निकल गई थी। सतेंद्र ने छिंदवाड़ा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर मदद मांगी और कंट्रोल रूम प्रभारी डी.एस. शेंडे, महिला आरक्षक राजनीता बघेल, सुशीला और शीतल ने बस की लोकेशन और कंडेक्टर अरविंद का नंबर अरेंज किया और बात की। पहले तो कंडेक्टर ने उस सीट पर पर्स होने से मना कर दिया जिस पर मोनिका ने सफर किया था। छिंदवाड़ा पुलिस ने कंडेक्टर को अच्छे से बस चेक करने के लिए कहा, तब एक सीट के नीचे पर्स मिल गया और दोपहर को उसे छिंदवाड़ा पुलिस को सौंप दिया गया।

कंट्रोल रूम की टीम ने मोनिका और सतेंद्र को सिवनी से बुलाकर उनका खोया पर्स वापस लौटाया। एस.पी. अजय पांडे ने तत्काल एक्शन लेकर महिला का पर्स वापस उस तक पहुंचाने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



## सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किये 85 हजार रुपए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा जिले के दो जरूरतमंद व आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को आर्थिक सहायता दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से दोनों मरीजों को 85 हजार की आर्थिक मदद की है।



उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ग्राम कुहिया वार्ड नं. 12 निवासी दिलीप पिता चंपालाल विश्वकर्मा एवं बरारीपुरा वार्ड नं. 27 निवासी अनिल पिता गिरजा शंकर शर्मा व उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया था। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलाने के लिए निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से दिलीप विश्वकर्मा को 40 हजार रुपये एवं अनिल कुमार शर्मा को 45 हजार रूपये की आर्थिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

आर्थिक सहायता मिलने पर दोनों मरीजों का नागपुर के अस्पतालों में इलाज हो सकेगा। दोनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## महिला साथियों को किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में समारोह पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की महिला शिक्षकों, कार्यालयीन/कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर महिला दिवस का शुभारंभ किया। विद्यालय प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने सभी पुरुष साथियों की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी महिला साथियों को उपहार देकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया।



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

इस अवसर पर बोलते हुए श्री धारकर ने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक दिवस महिला का ही दिवस है। हमारी संस्कृति में पुरातन काल से यत्र नार्यस्तु पूज्यंते तत्र रमंते देवता की बात पर ह्रदय की गहराइयों से विश्वास किया जाता रहा है। हमारी संस्कृति में किया जाने वाला कन्या पूजन वास्तव में समाज में महिलाओं की उच्च स्थिति का प्रतीक है। हम जब भी परम शक्तिमान परमेश्वर का स्मरण करते हैं तो अधिकतर हमारे मस्तिष्क में अष्टभुजा धारी विभिन्न शस्त्रों को धारण करने वाली माता दुर्गा का चित्र प्रकट होता है। महिलाओं को हमारे समाज में जो गरिमामय स्थान प्राप्त है, उनकी ही जिम्मेदारी है कि वह उसे अक्षुण्ण बनाए रखें। प्रत्येक अधिकार संपन्न महिला चाहे वह घर में मां अथवा सास हो या कार्यालय में अधिकारी हो को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने अधीनस्थ अन्य महिलाओं को समान अवसर प्राप्त हों, उनके साथ किसी तरह का भेदभाव न हो तथा उन्हें उचित स्थान मिले।

श्री धारकर ने यह भी कहा की यह हम सब पुरुषों की जिम्मेदारी है की समाज में हमारे परिवारों में कार्य स्थलों पर महिला सुरक्षित महसूस करें। महिलाओं के साथ किए जाने वाले किसी भी आसमान भेदभावपूर्ण व्यवहार को पूर्णता अस्वीकार किया जाना चाहिए।

अंत में बोलते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधान पाठिका सुरेख डेविड ने अपने पुरुष साथियों का इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद किया साथ ही विद्यालय मे महिलाओं के लिए अच्छा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्राचार्य सहित सभी पुरुष साथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में श्री राम कृष्ण जंघेला, धनराज खरपुसे, दीनानाथ पवार सहित सभी पुरुष साथियों की सक्रिय भूमिका रही।

## 44 करोड़ साधकों के लिए सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज देश के 750 जिला केंद्रों पर विशाल रैली और धरना प्रदर्शन के तहत अखिल भारतीय नारी रक्षा मंच की हजारों बहनों ने जिले के सांसद विवेक (बंटी) साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव और जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम ज्ञापन देकर सनातन संस्कृति के रक्षक परम् पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के लिए न्याय की मांग की। साध्वी रेखा बहन और साध्वी प्रतिमा बहन के सानिध्य में विकासखण्ड स्तर पर भी विरोध रैली निकाली गई।



ज्ञापन में बताया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके 11 करोड़ शिष्य हैं। सभी शिष्य की माता, बहन और पत्नी होना स्वाभाविक है। गुणा भाग करें तो 44 करोड़ होतें हैं। उन सभी के संवैधानिक आस्था का हनन हो रहा है। लग्भग 11 वर्षों बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें उचित इलाज हेतु अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट को साधुवाद है।

स्वामी विवेकानंद के बाद पूज्य बापूजी ऐसे पहले संत हैं जिन्होंने विश्वधर्म संसद शिकागो को सम्बोधित कर पूरे विश्व में आध्यात्मिक क्रांति लाई। इतना भयंकर कुप्रचार होने के बाद आज भी 44 करोड़ साधक भक्तों की श्रद्धा टस से मस नहीं हुई। पूरे विश्व में 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस के सफल आयोजन हेतु उन्हें अमेरिका जैसे सुपर पावर देश के कैलिफोर्निया विधानसभा द्वारा सन 2020 में सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। मीडिया रिपोर्ट अनुसार इस वर्ष देश में 71 करोड़ माता-पिता 14 फरवरी को लाभान्वित हुए। ऐसे अनगिनत जनहितैषी सेवाकार्य गूगल पर सर्च किये जा सकतें हैं। करोड़ों-करोड़ों लोगों की आस्था और एक लड़की का तथाकथित झूठा आरोप तुलना करके निर्णय करें। संत हमारी सनातन संस्कृति की पहचान हैं, उन पर अत्याचार बन्द कर उनकी ससम्मान रिहाई हो य ऐसी हम सब की मांग है। ज्ञापन देते समय साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, महिला समिति (लिंगा) की अध्यक्ष ललिता विलास घोंघे, रुपाली इंगले, सुधा ताम्रकार, ज्योति कराडे, प्रीति सोनारे, छाया सूर्यवंशी, डॉ. मीरा पराड़कर, विमल शेरके उपस्थित रही।

## गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजामाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अनिता कौशल के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) जिला छिंदवाड़ा के संदर्भ में अर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2025 को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं एवं सुरक्षित मातृत्व अभियान विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. उषा भारती, डॉ. सुरेश कुमार बाड, प्रो. सीताराम शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नीलिमा बागड़े, डॉ. सिन्धु लाहोरिया, डॉ. श्रीपाद अरोणकर, डॉ. अनिता मिश्रा, डॉ. सुरेश प्रसाद अहिरवार, डॉ. दीपचंद भावकर, डॉ. जितेन्द्र डेहरिया, स्मिता लोखंडे, महाविद्यालयीन परिवार एवं बडी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही है। निष्कर्ष के रूप में डॉ. अनिता मिश्रा द्वारा छात्राओं को बेटी बचाओं बेटी पढाओं और सुरक्षित मातृत्व अभियान विषय पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी फाल्गुनी साहू, द्वितीय कु सौम्या शर्मा एवं तृतीय स्थान पर कुमारी दीक्षा पवार रही। संचालन प्रो. संध्या गजभिये किया



## मेहरा डेहरिया समाज का महिला जाग्रति सम्मेलन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मेहरा डेहरिया समाज की महिलाओं द्वारा लगातार आयोजित किये जाने वाला महिला जाग्रती सम्मेलन आज 9 मार्च रविवार को सामाजिक भवन कुसमेली मंडी रोड में आयोजित किया जाएगा। जिला महिला प्रकोष्ठ की सचिव रैना हर्ले, प्रवक्ता रानू डेहरिया ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुये बताया कि यह कार्यक्रम अंतरास्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है महिला जाग्रती सम्मेलन का यह 13 वा वर्ष रहेगा।



सामाजिक महिलाओं की आर्थिक एंव राजनेतिक सशक्तिकरण एंव उनके उत्थान एंव सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हो इसलिए यह आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र जैसे नौकरी पेशा, संगीत, खेल कूद, स्वरोजगार सहित उपलब्धि प्राप्त सामाजिक महिलाओं का सम्मान किया जाएगा एंव महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

महिलाओं के हौसले को बढ़ाने छत्तीसगढ़ एंव मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसूइया उईके मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित रहेंगी जबकि विशेष अतिथि के रूप में शालनी विवेक बंटी साहू उपस्थित रहेंगी। विशिष्ठ अथिति के रूप में नगर निगम की सहायक आयुक्त मीना कोरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्योति डेहरिया, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी रहेँगी।

अध्यक्ष उमा डेहरिया, जिला सचिव रैना हारले, जिला प्रवक्ता रानू डेहरिया, जिला उपाध्यक्ष छाया मेहरा, ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति संतोष डेहरिया, संघटन मंत्री मामता डेहरिया, संरक्षक मंजू डेहरिया, जिला उपाध्यक्ष ज्योति सुनील डेहरिया, कार्यकारी अध्यक्ष छाया डेहरिया, मनीषा डेहरिया, पुरूष वर्ग से मुख्य सलाहकार शिवनारायण डेहरिया, जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया, अतिरिक्त अध्यक्ष गोपाल डेहरिया, जिला सचिव दिनेश डेहरिया, जिला उपाध्यक्ष ललित डेहरिया चौरई, जिला उपाध्यक्ष संजय डेहरिया जुन्नरदेव ने शहर सहित सभी ब्लाकों की सामाजिक महिलाओं से अधिक सँख्या में सामाजिक भवन पहुचने की अपील की है।

उक्त महिला जाग्रती समेलन कार्यक्रम के दौरान पूरे जिले से उपस्थित होने वाली सामाजिक महिलाएं जिनके अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उनके कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है जिससे कि सरकार की मंशा अनुरूप कोई भी व्यक्ति आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाओं से वंचित ना रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली सभी महिलाओं को बीमारियों के इलाज का सरकारी लाभ ले सके की जानकारी दी गई है।

# भाजपा ने किया महिलाओं का सम्मान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में महिला मोर्चा द्वारा भारतीय जनता पार्टी की जिले की समस्त कार्यकर्ता बहनें एवं जिले की समस्त जनप्रतिनिधि बहनों का स्वागत एवं सम्मान का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू ने सभी बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मान किया।



अपने उद्बोधन में सांसद ने कहा जिले की प्रत्येक मातृशक्ति के सम्मान के लिए मैं जीवन भर आपके भाई एवं बेटे के रूप में आपके समक्ष खड़ा रहूँगा। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने मंच से भारतीय जनता पार्टी की समस्त उपस्थित बहनों को अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुसार राजनीतिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र में बहनों की भागीदारी को बढ़ावा देने की बात कही।

महापौर विक्रम अहाके ने अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं को संबोधित किया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर ने इस कार्यक्रम में महिला मोर्चे की समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी बहने एवं समस्त महिला जनप्रतिनिधि का स्वागत किया और महिला कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे संगठन में अपनी उपस्थिति दे जिससे संगठन में महिलाएं भी कुशल नेतृत्व कर सकें।

इस कार्यक्रम में मंच पर पूर्व महापौर कांता सदारंग, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कांता ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष किरण खातरकर, पूर्णिमा जैन, जनपद अध्यक्ष सविता भोसम, तुलसा परतेती, नगरपालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, मीना दुबे, अमिता बरैया, रीना देशमुख, उदिता यादव, चित्रा चौकसे, माया बंदेवार, जया विश्वकर्मा, नीलू क्षेत्रीय, निशा गोस्वामी आदि।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ ने फूंका पुतला, सौंपा ज्ञापन

**मोहखेड़, देशबन्धु।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़ के नेतृत्व उमरानाला के बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर रैली के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया एवं प्रहलाद पटेल एवं सांसद बंटी साहू का पुतला दहन किया, पुलिस ने झूमा झपटी कर पुतला बुझाया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के विरूद्ध सांसद द्वारा अनर्गल टिप्पनी करने एवं मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा गरीबों का अपमान करने सौसर विधायक विजय चौरे को धमकी देने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा।

कल 8 मार्च को कांग्रेस द्वारा रैली के माध्यम से प्रदर्शन किया। भाजपा सांसद के जुबान से गुंडा गर्दी वाले शब्द अपराध को बढावा देने वाले है, उसी प्रकार सौसर विधायक विजय चौरे को अंकुर शुक्ला, अध्यक्ष नगर भाजपा मंडल के द्वारा घर में घुसकर मारने की धमकी दी गई, जिससे विधायक के जान माल को नुकसान पहुंचने की संभावना है।

इसी प्रकार क्षेत्र में गिरती हुई कानून व्यवस्था एवं अवैध धंधों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर सांसद बंटी साहू एवं अंकुर शुक्ला के विरोध में एफ.आई.आर. दर्ज करने कार्यवाही करें अन्यथा कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेंगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



इस अवसर पर ब्लाक पर्यवेक्षक लखीचंद पवार, ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर मोहने, जनपद उपाध्यक्ष ईश्वर वाडिवा, किशोर डोंगरे, विजय गावंडे, गुलाब चौधरी, राजू बाडिवा, अशोक फरकारे, मनोज सिन्हा, पूनाराम चौरिया, मनोज कड़वे, पप्पू शर्मा, शैलैश भादे, सूरज सोनघरे, मोरेश्वर घटकडे, मेहमूद खान, अंकित चौरसिया, अक्षय साहू योगेश राजनकर, होमनारायण राजनकर, कैलाश डोंगरे, मिलिंद घोघरे, राजेश मरकाम, प्रहलाद उईके, आनंदराव खापरे, कदीर खान, बंटी फटिंग, धनश्याम परतेती, पंकज कुसनेकर, अनीता साहू, रेखा उईके, सानू चौरसिया, बबलू मर्सकोले, सौरभ पाटिल सहित ब्लाक कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, एन.एस.यू.आई., महिला कांग्रेस एवं आनुसांगिक संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिम्स में स्त्री रोग विभाग द्वारा किया गया गेस्ट लेक्चर का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** इंटरनेशनल वूमेंस डे के उपलक्ष्य में गायनेकोलॉजी विभाग, सिम्स द्वारा गेस्ट लेक्कर का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि की भूमिका डॉ. अभय कुमार अधिष्ठाता, सिम्स ने निभाई। मुख्य वक्ता डॉ. रोहिणी भॉयर और डॉ नीति बत्रा थे। लेक्कर में प्रमुक्त: प्रेगनेंट महिलाओं के स्वास्थ्य और लेप्रोस्कॉपी के उपयोग के बारे में बातचीत की गई। सेशंस की अध्यक्षता डॉ. संगीता रामटेके और डॉ. मानिक शिरपुरकर, विभागाध्यक्ष, गायनेकोलॉजी, सिम्स द्वारा की गई। आयोजन में सभी ट्रेनी डॉक्टर्स और स्टाफ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### 132 केवी उपकेन्द्र चौरई के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों में आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संचा/संधा चौरई के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि संचा/संधा संभाग चौरई के अंतर्गत 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चौरई में 02 नग एम.ई.लगाये जाने के कारण 09 मार्च 2025 रविवार को संचा/संधा संभाग चौरई के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातरू 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 09 मार्च 2025 को 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चौरई से निकलने वाला 33 के.व्ही. कुण्डा फीडर प्रात: 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक, 33/11 उपकेन्द्र चौरई में 02 नग एम.ई. लगाने के लिये बंद रहेगा।

### जिला महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी बनीं मंजू बैस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस की पूर्व सचिव वार्ड नम्बर 44 से दो बार की पार्षद और कांग्रेस पार्टी की सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता श्रीमती मंजू बैस को पूर्व केन्द्रीय मंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे एवं सभी कांग्रेस विधायको की सहमति से मंजू बैस को जिला महिला कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। मंजू बैस कई वर्षो से कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए पूर्व सांसद अलका नाथ के साथ सतत उनके चुनाव एवं उनके साथ रहकर कांग्रेस का कार्य करते हुए प्रिया नाथ के साथ भी नकुलनाथ के चुनाव में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया था।



परिणाम स्वरूप वरिष्ठ एवं सक्रिय पार्षद कांग्रेस नेत्री मंजू बैस को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जवाबदारी सौपते हुए महिला संगठन को मजबूत करने का दायित्व सौपा है। अपनी इस नियुक्ति के लिए मंजू बैस ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ और कांग्रेस के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ नेताओं का आभार मानते हुए कहा है कि विषम परिस्थितियों में हम महिला कांग्रेस को मजबूत करने, एकजुटता बनाऐं रखने के साथ साथ कांग्रेस पार्टी और नकुल कमलनाथ के हाथों को मजबूत करने का पूरा प्रयास करेंगे तथा जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों एवं नगर मुख्यालयों में जिला महिला कांग्रेस सहित सभी स्थानों पर भ्रमण कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए निरन्तर भ्रमण कर मजबूती प्रदान करेंगे और आने वाले समय में कांग्रेस का झण्डा फिर प्रदेश, देश में लहरायेंगे।

# मोहन पवार बने कार्यकारी अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांवरी ब्लॉक कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, विधानसभा प्रभारी प्रीतम पटेल, पांढुर्ना विधायक निलेश उइके से चर्चा के उपरांत व पर्यवेक्षक दिगम्बर ठाकरे एवं सांवरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीनदयाल यदुवंशी की सहमति उपरांत मोहन पवार को सांवरी ब्लॉक कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर श्री पवार ने सभी वरिष्ठ नेताओं सहित पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे का आभार व्यक्त किया है।

# छिंदवाड़ा जिले में 3.92 लाख लाड़ली बहनों के खातों में आए 27.27 करोड़



## गैस सिलेंडर रिफिल योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि का अंतरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की माह मार्च 2025 की 1250 रुपए आर्थिक सहायता राशि एवं गैस सिलेण्डर रिफिल योजना अंतर्गत 450 रूपये की राशि पात्र हितग्राही बहनों के खाते में अंतरित कर बधाई और शुभकामनायें दीं।

छिंदवाड़ा जिले की 392968 लाड़ली बहनें 47.27 करोड़ रुपए की मासिक सहायता राशि से लाभान्वित हुए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा जिला स्तर पर शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में देखा व सुना गया।

इस अवसर पर सांसद छिंदवाड़ा / पांढुर्णा विवेक बंटी साहू, नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके, टीकाराम चंद्रवंशी, अंकुर शुक्ला, रोहित पोफ्ली सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला छिंदवाड़ा डॉ. हेमन्त छेकर सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित थी। इसके अलावा जिलाए ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी बेवकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम देखा व सुना गया।

# पालाचौरई आंगनबाड़ी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग जुन्नारदेव परियोजना अधिकारी सीमा पटेल एवं सुपरवाइजर आरती आम्रवंशी के मार्गदर्शन में विकासखंड जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पालाचौरई की कर्मवीर कॉलोनी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में सामूहिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को घरेलू हिंसा एवं उनके अधिकारों आदि के बारे में बताया गया, साथ ही सुरक्षित मातृत्व, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकने, लाड़ो अभियान उक्त थीम पर माताओ एवं किशोरी बालिकाओं को समझाइए दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं माला चौधरी, चंद्रकला आठनकर, नीलू कुमरे, सिराती भारती, सुषमा, प्राची सोनारे के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी डेहरिया, राधा चौरसिया, नम्रता राय, सुकृति कुमरे, परवीन बानों, कंचन बाला डेहरिया, सरिता श्रीवास्तव, संतरा भारती सहित ग्राम की महिलाएं उपस्थित रही।

# सद्भावना मंच ने अनिल मिश्रा का किया स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ के आदेशानुसार अनिल मिश्रा को चौरई नगर कांग्रेस प्रभारी बनने पर कमलनाथ सद्भावना मंच द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रबल प्रदीप सक्सेना, वरिष्ठ राजेंद्र सिंह बैस, चंदू राय, पदमाकर अल्डक, शरद नामदेव, योगेश कश्यप, लक्ष्मण यादव, झनक मालवीय, राजीवत तिवारी, राजू जोशी, चंद्रमोहन राय, गुड्डा तिवारी एवम युवा साथी उपस्थित रहे ।



# पांच वर्ष की अलीज़ा बानो व छह वर्ष की जैनब बानो ने रखा रोजा

**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** मुसलमानों के इबादत का पवित्र महीना रमजान का दौर शुरू है इस माहे मुबारक महीने में रोजा रखने के साथ ही अल्लाह पाक की इबादत की जा रही है एवं बड़े बुजुर्गों के साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी इस गर्मी में रोजे रखकर भूख और प्यास की शिद्दत को महसूस कर अपने पाक परवरदिगार का शुक्र अदा करते नजर आ रहे हैं।



इसी क्रम में गुढ़ी ईदगाह के पास निवास करने वाले एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री जलील शाह बाबा की बेटी 6 वर्ष की बच्ची जैनब बानो एवं जावेद शाह की बेटी अलीजा बानो उम्र 5 वर्ष के द्वारा अपना पहला रोजा रखा गया।

विदित हो कि इस पवित्र माह में मुस्लिम धर्मावल्मिबयों द्वारा दिन भर भूखे प्यासे रहकर अल्लाताला की इबादत की जाती है जो एक कठिन काम है।

# सुलह एवं सहमति से नेशनल लोक अदालत में निपटे 1509 प्रकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई, तामिया में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में किया गया।

नेशनल लोक अदालत में 42 खण्डपीठों के द्वारा मोटर दुर्घटना के 77 प्रकरणों में 28600000 रूपये एवं चेक वाउन्स के 165 प्रकरणों में 26634525 रूपये, श्रम विवाद के 03 प्रकरण में 2405668 रूपये के अवार्ड पारित किये गये तथा राजीनामा योग्य दांडिक 271 प्रकरण, पारिवारिक विवाद के 100 प्रकरण, अन्य सिविल प्रकृति के 55 प्रकरणों में 7059680 रूपये के अवार्ड पारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत अधिनियम के 29 प्रक्ररणों में 3170725 रूपये की अवार्ड राशि सहित न्यायालयों में लंबित कुल 771 प्रकरणों में दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर राजीनामा किया जाकर अंतिम निराकरण किया गया। इसी प्रकार बैंकों, नगर निगम/नगरपालिका, विद्युत विभाग के प्री-लिटिगेशन के 3276 प्रकरणों में 738 प्रक्ररण निराकृत किया जाकर 8158850 रूपये की राशि के अवार्ड पारित किये गये।

जिले की तहसील मोहखेड़ की ग्राम पंचायत पौनार थाना लावाघोघरी निवासी योगीराज सोनी उम्र 25 वर्ष ने कुटुम्ब न्यायालय छिन्दवाड़ा में हिन्दु विवाह अधिनियम की धारा 09 के अन्तर्गत वैवाहिक जीवन की पुर्नस्थापना के लिए याचिका प्रस्तुत किया। अपनी याचिका में योगीराज ने बताया कि 26 जून 2023 को उसका विवाह चांद निवासी सरजू सोनी के साथ हुआ था। विवाह के शुरूआती 01 माह तक पत्नी सरजू ठीक ढंग से रही, उसके बाद उसका व्यवहार उग्र होने लगा और बात-बात पर चिढ़कर घर का कोई भी काम न करते हुए लड़ने-झगड़ने लगी थी।

साथ ही आत्महत्या करने तथा दहेज प्रताड़ना में फंसा देने की धमकी देती थी। बाद में पत्नी सरजू यह कहने लगी की हम संयुक्त परिवार में रहेंगे। हम छिन्दवाड़ा में कमरा लेकर रहेंगे। सरजू सोनी बिना उसके सहमति के जब तब मायके चली जाती थी और उसके चरित्र पर बेवजह संदेह भी करती थी। इसी बीच उसकी पत्नी सरजू सोनी गर्भवती हो गई तो वह कहने लगी की मुझे अभी मां नहीं बनना है, मैं बंधन में नहीं बनना चाहती इसलिए मैं अपना गर्भपात करा लेती हूं, जिस पर योगीराज ने उसे समझाया की ईश्वर ने हमें माता-पिता बनने का सुअवसर दिया है और गर्भपात कराने से मना कर दिया।

इसी तरह दोनों के बीच रिश्तों में तनाव बढ़ता गया और 07 मार्च 2024 को उसकी पत्नी अपने मायके चली गई। इसके बाद उसकी पत्नी सरजू को उसके साथ दाम्पत्य जीवन निर्वाह करने के लिये आदेशित किया गया।

कुटुम्ब न्यायालय छिन्दवाड़ा द्वारा सरजू सोनी को नोटिस देकर न्यायालय में बुलवाया गया तथा न्यायालय द्वारा समझाईश के प्रयास प्रारंभ किये गये। परिणाम स्वरूप 14 दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुशील कुमार तथा सुलहकर्ता सदस्य मीना सोनी के दोनों पति-पत्नी को समझाईश दी गई जिसके परिणाम स्वरूप दोनों पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के सहमत हो गये। जिस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुंशात हुद्दार, न्यायालय के पीठासीन अधिकारी सुशील कुमार एवं सुलहकर्ता सदस्य की उपस्थिति में दोनों ने एक दूसरे के गले में पुष्पहार पहनाकर नए सिरे से जीवनयापन करने का संकल्प लिया। इस प्रकार लोक अदालत के माध्यम से एक टूटी हुई गृहस्थी पुन: स्थापित हुई।

**तुम जीते न हम हारे - सुलह एवं सहमति से नेशनल लोक अदालत में निपटे प्रकरण**

